[This question paper contains 6 printed pages.]

987 Your Roll No. ....

आपका अनुक्रमांक ....

COMPULSORY TEST IN HINDI / II SEM. D

(वार्तालाप तथा देवनागरी लिपि)

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 100*

समय : 3 घंटे *पूर्णांक : 100*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

All *questions are compulsory.*

सभी *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

खण्ड 'क'

1. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (8×5=40)

(i) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए :

छात्र, लड़का, चाचा, बेटा, अध्यापिका।

(ii) निम्नलिखित शब्दों के **बहुवचन** रूप लिखिए :

कुर्सी, बिल्ली, दरवाज़ा, नदी, लड़की।

(iii) निम्न शब्दों में से **संज्ञा** और **सर्वनाम** छाँटिए :

हम, जहाज, मकान, उसे, माला, तुम्हारा, किला, आप, जिसने, बिल्ली ।

(iv) रिक्त स्थान में उपयुक्त **विशेषण** लिखिए :

(क) बगीचे में .... फूल खिले हैं । (पीले/रसीले)

(ख) भूख लगी है तो .... खीर खाओ । (भारी/मीठी)

(ग) मीरा बहुत .... गाती है । (अच्छा/चतुर)

(घ) .... आदमी धीरे दौड़ता है । (नीचा/मोटा)

(ङ) दादाजी के लिए .... पानी लाओ । (ठण्डा/लम्बा)

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से **क्रिया** शब्द छाँटकर लिखिए :

(क) गीता ने किताब मेज पर रख दी ।

(ख) राम ने फल खाया ।

(ग) शालिनी धीरे चल रही है ।

(घ) मैं पुस्तक पढ़ता हूँ ।

(ङ) सुरेश ने पत्र लिखा ।

(vi) निम्न वाक्यों में उपयुक्त **क्रिया विशेषण** लिखिए :

(क) मोहन .... से सो गया । (आराम/मुलायम)

(ख) वह विद्यार्थी .... पढ़ता है। (मत / बहुत)

(ग) .... धूप निकल आयी। (अचानक / लम्बी)

(घ) कोयल की .... आवाज़ सबको भाती है। (दूर / मधुर)

(ङ) बाजा .... बजाओ। (धीरे / गर्म)

(vii) योजक द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

और, या, ताकि, तथा, किन्तु

(क) माता .... पिता कल वापस आ रहे हैं।

(ख) वह होशियार तो है .... घमंडी है।

(ग) सदा सच बोलो .... सब तुम्हारा सम्मान करें।

(घ) किताब, कलम .... कागज़ लाओ।

(ङ) तुम खुद जाओगे .... किसी और को भेजोगे ?

(viii) सही **कारक – चिह्न** लगाइए :

(क) राधा .... खाना बनाया।

(ख) इस कमरे .... दो आदमी रहते हैं।

(ग) गंगा हिमालय .... निकलती है।

(घ) यह अध्यापक .... कमरा है।

(ङ) दीवार .... खिड़की नहीं है।

(ix) वाक्यों का **पदक्रम** ठीक कीजिए :

(क) सुबह कल की बस से जा वे रहे हैं।

(ख) राजधानी दिल्ली भारत की है।

(ग) मीठा है बहुत होता आम।

(घ) आवाज़ मधुर है होती कोयल की।

(ङ) सुहाना है आज मौसम का।

(x) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त **उपसर्ग** व **प्रत्यय** अलग करके लिखिए :

सुपुत्र, जन्मजात, विदेश, साप्ताहिक, सुमधुर।

खण्ड 'ख'

2. छात्रावास में बिताए जीवन के अनुभव बताते हुए पिता को पत्र लिखिए। (10)

अथवा

दिल्ली के दर्शनीय स्थलों के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

3. नौकरी के लिए स्ववृत्त (बायोडेटा) लिखिए। (10)

अथवा

'कॉलेज में पहला दिन' विषय पर लेख लिखिए।

4. बाईं ओर लिखे मुहावरों के अर्थ दाईं ओर से ढूँढ कर लिखिए :

(i) आँखों का तारा	काम बिगड़ना
(ii) हाथ मलना	बड़ी कठिनाई से बचना
(iii) रंग में भंग	शर्मिन्दा होना
(iv) पानी पानी हो जाना	बहुत प्यारा
(v) बाल-बाल बचना	पछताना

(10)

खण्ड 'ख'

5. अनुच्छेद के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10×2=20)

(क) निरगुन की निगाहों में लालच का कोई भी मतलब नहीं था, बूढ़े की संपूर्ण आस्था इसी परिवार के प्रति समर्पित थी। आज से सत्तर वर्ष पहले, दस-ग्यारह की उम्र में वह नानी की उँगली पकड़ कर सदानन्द की दादी के दरबार में आया था। उस ज़माने में इनके यहाँ दो हाथी थे, चार घोड़े, घोड़ों की हिनहिनाहट और हाथियों की चिंघाड़ पहली बार कानों में तभी पड़ी थी..... अब कारों और जीपों की भड़भड़ाहट और हार्न की आवाजें कानों को नहीं सुहाती। कपिल मालिक को इसलिए देवता मानता है कि दो वर्ष रखकर ट्रैक्टर को हटा दिया।

(i) यह अनुच्छेद किस उपन्यास से लिया गया है ? उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(ii) निरगुन किसके प्रति समर्पित था ?

(iii) वह किसके साथ इस परिवार में आया था ?

(iv) परिवार के पास कौन-कौन से जानवर थे ?

(v) कपिल मालिक को देवता क्यों मानता था ?

(ख) प्रदर्शन-कक्ष के अन्दर दीवारों पर लगभग सवा सौ फोटो सजाये गये थे। दाहिनी तरफ से आगे बढ़ने पर चालीस-पचास रंगीन छवियाँ थीं। इन्हें देशी-विदेशी पत्रिकाओं से लेकर यहाँ सजाया गया था। ये सभी ऐसे बालक-बालिकाओं के चित्र थे जिनके चेहरों से हँसी-खुशी और ताज़गी का नूर बरस रहा था। हैलिकोप्टर की खिड़कियों से झाँकते बच्चे, गुब्बारों के दरमियान किलकारियाँ भरने वाली बच्चियाँ, सूरजमुखी के बड़े फूल से अपना गाल सहलाती हुई नन्हीं बच्ची .....

(i) फोटो कितने थे और कहाँ पर सजाये गये थे ?

(ii) दाहिनी तरफ कैसी छवियाँ थीं ?

(iii) किस तरह के चित्र थे ?

(iv) चित्रों में बच्चे क्या-क्या कर रहे थे ?

(v) 'अन्दर' और 'खुशी' शब्दों के विलोम लिखिए।

6. 'गरीबदास' उपन्यास का सारांश लिखिए। (10)

अथवा

'गरीबदास' उपन्यास के किन्हीं दो पात्रों का परिचय दीजिए।

(100)